# जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 30.03.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत।

दिनांक 30.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी। |
| 2 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 3 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 4 | श्री अमित सेरावत | अधिशासी अभियन्ता (वि./यॉ.), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 5 | श्री नितेश प्रताप सिंह | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 6 | श्री अनिल कुमार | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 7 | श्री वैभव गंगवार | सहायक अभियन्ता (वि./यॉ.), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 8 | श्री दीपू वर्मा | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 9 | श्री राजेश कुमार | सहायक अभियन्ता, झाँसी डिवीजन, बेतवा कैनाल, झाँसी। |
| 10 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री आशुतोष श्रीवास्तव | टीम लीडर, पी.टी.आई., झाँसी। |
| 12 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., मेसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री अक्षय कुमार ओझा | डी.पी.एम., बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री जे.एस. पेट्रीक | पी.एम., मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना

योजनान्तर्गत कुल 42 ग्राम सम्मिलित है। योजना में 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओ.एच.टी., 4 नग सी.डब्लू.आर., 309.38 किमी. पाइप लाइन एवं 1147 नग गृह संयोजन प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कराते हुये योजना में सम्मिलित सभी 42 नग ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है तथा योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म द्वारा 42 नग ग्रामों का हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य पूर्ण कराते हुये योजना का संचालन एवं अनुरक्षण किया जा रहा है।

बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 37 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा वर्तमान में योजना का ओ.एण्ड एम. प्रारम्भ किया जा चुका है।

**तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना** :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों से 24 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 01 ग्राम (तालरमनन्न) में सडक पुर्नस्थापना कार्य पूर्ण न होने के कारण "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य शेष है। योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ ग्रामवासियों द्वारा गृह संयोजनों में टिल्लू पम्प का प्रयोग करने, गृह संयोजनों से टोटियां एवं जी.आई. स्टैण्ड निकाल लिये गये है, जिस ग्राम के ऊचाई वाले भाग में पेयजल नही पहुँच पा रहा है तथा ग्राम प्रधान द्वारा समस्त ग्राम में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने के उपरान्त ही "हर घर जल" प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अवगत कराया गया है, जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी उनके द्वारा भी ग्राम का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान से हुई वार्ता के दौरान अवगत कराया गया कि ग्राम के 02 मुहल्लों में वर्तमान में पेयजल की आपूर्ति नही की जा रही है, जिस कारण "हर घर जल" प्रमाण पत्र पर उनके द्वारा हस्ताक्षर नही किये गये है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री आर.एल. रमेश को निर्देशित किया गया है कि समस्त ग्राम में पर्याप्त श्राव से जलापूर्ति प्रारम्भ कराते हुये ग्राम तालरमन्ना सहित ग्राम के मजरें क्रमशः दानीपुरा एवं टपुआ में 15-अप्रैल तक प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कराते हुये ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें।



**बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना** :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में से 55 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया है कि 04 नग ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणिकरण कार्य शेष है, जिसमें से गेवरा ग्राम में बूस्टर पम्प अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। ग्राम पुनावली कला में बूस्टर पम्प अधिष्ठापन हेतु किये गये बोर में पेयजल उपलब्ध नही है। अन्य स्थान पर बोर किये जाने स्थल चयन की कार्यवाही की जा रही है। शीघ्र ही ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये ग्राम का "हर घर जल" प्रमाणित करा दिया जायेगा। ग्राम घिसौली (अढोदना) में बूस्टर पम्प अधिष्ठापन हेतु बोर किया जा चुका है, बूस्टर पम्प की आपूर्ति हेतु आपूर्ति आदेश दिया जा चुका है। आपूर्ति प्राप्त होते ही ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ कराते हुये ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित करा दिया जायेगा। इसी प्रकार ग्राम खैलार के मजरें साकेटनगर के लगभग 100-150 घरों को पेयजल से लाभान्वित करने हेतु 1.60 किमी. अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाये जाने की आवश्यकता है, जिसकी अनुमति एवं सामग्री की उपलब्धता हेतु मांग कम्पनी हैड ऑफिस को प्रेषित की जा चुकी है। स्वीकृति एवं धनावंटन उपरान्त मजरें पाइप लाइन बिछाते हुये ग्राम

को पेयजल से संतृप्त कर "हर घर जल" सत्यापित करा दिया गया है। योजना का अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ के पश्चात भी वर्तमान तक योजना के समस्त ग्रामों को "हर घर जल" सत्यापित न किये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये माह अप्रैल–2026 के अन्त तक उक्त अवशेष कार्यों को प्रत्येक दशा में पूर्ण कराते हुये ग्रामों शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कराते हुये "हर घर जल" सत्यापित कराने हेतु फर्म के प्रतिनिधि श्री आर.एल. रमेश को निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियन्ता श्री अनिल कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत रक्सा टोल प्लाजा के समीप बिछी 200 मिमी. व्यास की डी.आई. के–7, 150 मिमी. व्यास की डी.आई. के–9 एवं 65 मिमी. व्यास की जी.आई. पाइप लाइन को विभिन्न स्थानों पर परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, ग्वालियर के नियंत्रणाधीन कार्य कर रही फर्म द्वारा क्षतिग्रस्त करते हुये पाइप लाइन के ऊपर स्थाई/पक्का आर.सी.सी. नाले का निर्माण करा दिया गया है, जिस कारण योजना में सम्मिलित 03 ग्रामों की जलापूर्ति पूर्णतः बाधित हो गयी है, जिस पर बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास उक्त कार्य हेतु अनुभवी श्रमिक उपलब्ध न होने के कारण वह उक्त कार्य को कराने में सक्षम नही है। अतः उक्त कार्य पर व्यय होने वाली धनराशि आगामी 01 सप्ताह के अन्दर जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध करा दी जायेगी।



<u>कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों से 71 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण कराते हुये 71 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के कारण जलापूर्ति बन्द 06 ग्रामों में से 03 ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। परन्तु शेष पाइप लाइन की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक प्रारम्भ नही की गयी है, जिस कारण शेष 03 ग्रामों की जलापूर्ति वर्तमान में भी बन्द है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी द्वारा बैठक में उपस्थित सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की अविलम्ब कराना सुनिश्चित करें। ताकि योजना का सम्पूर्ण लाभ ग्रामवासियां को मिल सकें।

<u>इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 16700 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 85 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 60 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। साथ ही 10 ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणित किया जा चुका है। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि अनुबन्धित फर्म द्वारा ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना

सम्बन्धी कार्यों को अत्यन्त धीमी गति से कराया जा रहा है, जिस कारण आई.जी.आर.एस., सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रही है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गयी सड़कों के अवशेष सड़क पुर्नस्थापना कार्य को शीघ्र कराने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया, जिस पर अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवशेष ग्रामों में अप्रैल–2026 के अन्त तक जलापूर्ति प्रारम्भ करने, ग्रामों में अवशेष सड़क पुर्नस्थाना कार्य को पूर्ण कराने हेतु आश्वस्त किया गया।

<u>टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 186.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टेक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 29590 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 17540 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 93 ग्रामों के सापेक्ष 80 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 53 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 7730 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 106 ग्रामों के सापेक्ष 69 ग्रामों में आंशिक एवं 30 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। बैठक में उपस्थिति फर्म के प्रतिनिधि श्री अक्षय कुमार ओझा द्वारा अवगत कराया गया कि टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के समस्त ग्रामों में मई–2026 तक शत–प्रतिशत नियमित जलापूर्ति जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों बिछायी गयी पाइप लाइनों में गैप क्लोजिंग का कार्य अवशेष होने के कारण ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नही करायी जा पा रही है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को ग्रामों में बिछायी गयी पाइप लाइनों के गैप क्लोजिंग के कार्य मशीनरी एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुये शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही विकास खण्ड के सूखाग्रस्त ग्रामों प्राथमिकता के आधार पर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, झाँसी द्वारा पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिस कारण ग्रामों की जलापूर्ति बाधित हो गयी है :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना | बामौर–गढ़वई–ककरवई मार्ग | 12 | **कचीर जोन के 06 ग्राम** (कचीर, खरबांच, बरमाईन, घटयारी, ककरवई, धमनौद) एवं **डुमरई जोन के 06 ग्राम** (हीरानगर, डुमरई, दुरखुरू, गौहना, गरौठा खुर्द एवं गरौठा देहात) | जुलाई–2025 | गढ़वई–ककरवई मार्ग पर निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग चौड़ीकरण के दौरान 300 मिमी. व्यास डी.आई. के–9 पाइप लाइन को विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा पाइप लाइन की मरम्मत कराने हेतु लोक निर्माण विभाग, झाँसी को पत्राचार किया गया है। वर्तमान तक पाइप लाइन मरम्मत का कार्य नही कराया गया है। |
| | ग्राम गढ़वई से परसुआ सम्पर्क मार्ग। | 1 | परसुआ | फरवरी–2026 | निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग द्वारा परसुआ सम्पर्क मार्ग चौड़ीकरण के दौरान 200 मिमी. व्यास की डी.आई. के–9 पाइप लाइन को विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | ग्राम धनौरा से प्रतापपुरा मार्ग | 4 | धनौरा, गोकुल, पहरा एवं खमा | मार्च–2026 | निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग द्वारा धनौरा से प्रतापपुरा के मध्य पुलिया निर्माण के दौरान 250 मिमी. व्यास की डी.आई. के–7 पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। |

जिस पर बैठक में उपस्थित निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, झाँसी के सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराते हुये आश्वस्त किया गया कि आगामी 01 सप्ताह के अन्दर उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत करा दी गयी जायेगी।

<u>पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

<u>बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये 58 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी द्वारा टहरौली से ग्राम गाता मार्ग पर पुरानी पुलिया के स्थान पर बाक्स कल्वर्ट का निर्माण किया जा रहा है, जिसके दौरान 150 मिमी. व्यास डी. आई. के–7 पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिस कारण योजना के दो ग्रामों (गाता एवं गुदहा) की जलापूर्ति बाधित हो गयी है।



बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी, परियोजना निदेशक, एन.एच.ए.आई., झाँसी एवं अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी के उपस्थित रहने पर मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये सम्बन्धित को स्पष्टीकरण करने प्रस्तुत करने एवं आगामी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु अवगत कराया जायें।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रैट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 04 नग पैकेज स्वीकृत है, जिनके निर्माण कार्य प्रगति पर है। परन्तु लगभग 1½ वर्ष से अधिक समय से योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो का भुगतान न होने के कारण योजनाओं की प्रगति धीमी है।

पैकेज संख्या–02 में सम्मिलित समस्त 13 योजनाओं के 21 ग्रामों में से 20 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। मात्र 01 ग्राम बसारी में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़ा जाना प्रस्तावित है।

पैकेज संख्या–03 में सम्मिलित समस्त 05 योजनाओं के 21 ग्रामों में से 12 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ (06 ग्रामों में शत–प्रतिशत एवं 06 ग्रामों 60–70 प्रतिशत) की जा चुकी है। 08 ग्रामों को बरथरी एवं 01 ग्राम को इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना से पेयजल प्राप्त करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ की जानी प्रस्तावित है।

जनपद झाँसी में जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ की जलापूर्ति हेतु योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये जा चुके है। योजना पर विद्युत संयोजन प्राप्त करने हेतु वांछित प्राक्कलन विद्युत विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। विद्युत संयोजन प्राप्त होने के उपरान्त योजना को क्रियाशील कर दिया जायेगा।

जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ योजना के द्वितीय चरण में प्रस्तावित 03 नग ओवर हैड टैंकों के कार्य टॉप डोम तक पूर्ण किया जा चुका है। राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कराते हुये वर्तमान तक योजना के 78 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्यो को अप्रैल–2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित

(जुनैद अहमद)
मुख्य विकास अधिकारी
आई.ए.एस.
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक–656/M-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2026/ 52    दिनॉकः 20/ अप्रैल/ 2026

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
4– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिश